आज़ादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत स्वाधीनता दिवस के अवसर पर **'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम** को सफल बनाने हेतु दिनांक 13 अगस्त 2022 को अपराहन 1 बजे से डीएसएन कॉलेज उन्नाव में ज़िला न्यायालय एवं ज़िला प्रशासन, जनपद उन्नाव का महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद उन्नाव के ज़िला जज श्री हरवीर सिंह , मुख्य विकास अधिकारी श्री दिव्यांशु पटेल , अपर ज़िला जज श्री अवधेश कुमार , मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री विराट श्रीवास्तव , अपर ज़िलाधिकारी श्री नरेन्द्र सिंह , अपर पुलिस अधीक्षक श्री शशि शेखर सिंह , सिटी मजिस्ट्रेट सुश्री विजेयता , ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री रघुवंशमणि तथा अन्य वरिष्ठ न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा सदर विधायक श्री पंकज गुप्ता उपस्थित रहे।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो . आनन्द शुक्ला ने सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया। ज़िला जज महोदय ने स्वाधीनता दिवस-दिनांक 15 अगस्त 2022 को हर घर तिरंगा तथा प्रत्येक कार्य स्थल पर तिरंगा फहराने की शपथ दिलाते हुए युवाओं को स्वाधी नता, समानता और शिक्षा के प्रति समर्पित होने का आहवान किया। मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने स्वाधीनता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से देश और समाज की प्रगति में आगे बढ़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर एनसीसी तथा एनएसएस के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक एवं शारीरिक क्षमताओं से युक्त कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुति की गई। बीएड विभाग के शिक्षक डॉ . विपिन सिंह की पुस्तक का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में नगर के गणमान्य एवं प्रबुद्ध जन , महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छा त्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ . राजेश श्रीवास्तव ने किया तथा आभार डॉ . उमेश बाजपेयी ने व्यक्त किया।

जिला प्रशासन, जनपद-उन्नाव